शिविर में दो बुजुर्गों की रूकी हुई पेंशन हाथों-हाथ शुरू होने से खिले चेहरे

शिविर में आमजन को लाभ वितरित किए।

- मंत्री खराड़ी ने कहा कि आमजन को त्वरित राहत उपलब्ध कराना केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता है
- मावली, फलासिया व सायरा में शिविर, परिवेदनाओं का हाथों हाथ निस्तारण

उदयपुर, (कासं)। आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण कर सुशासन की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रव्यापी अभियान सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांवों की ओर- 2024 के तहत शुक्रवार को जिले के मावली, सायरा और फलासिया पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविरों का आयोजन हुआ। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी भी फलासिया शिविर में पहुंचे तथा आमजन को लाभ वितरित किए। सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांवों की ओर के तहत 21 दिसम्बर को कोटड़ा, बड़गांव व भीण्डर में शिविर आयोजित होंगे। इसके अलावा 23 दिसम्बर को झाड़ोल, खेरवाड़ा व गिर्वा तथा 24 दिसम्बर को नयागांव, वल्लभनगर व कुराबड़ में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला 23 दिसम्बर को होगी।

पंचायत समिति फलासिया में आयोजित शिविर में दो बुजुर्गों की रूकी हुई पेंशन हाथों हाथ वापस शुरू किए जाने से उनके चेहरे खिल उठे। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने अपने हाथों से उसे उन्हें पेंशन आदेश वितरित किए। शिविर में सोम निवासी लखमा पिता दीत भील उपस्थित हुआ। लखमा ने केबिनेट मंत्री खराडी के सामने परिवेदना प्रस्तुत की कि उसके पहले वृद्धावस्था पेन्शन स्वीकृत थी लेकिन अगस्त 2023 से किसी कारण से बन्द हो गई। मंत्री खराड़ी ने शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी को निदान कराने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी विजयेश पण्ड्या के निर्देश पर विकास अधिकारी प्रतापसिंह मीणा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए हाथों हाथ पुन: पेंशन प्रारंभ करने के लिए स्वीकृत पत्र जारी कराया। केबिनेट मंत्री श्री खराड़ी ने लखमा को स्वीकृत पत्र सुपुर्द किया। इसी प्रकार पाटियां गांव की नानुडी बाई की भी 16 माह से बंद पेंशन हाथों हाथ पुन: प्रारंभ की गई। दोनों लाभाथियों ने केंद्र व राज्य सरकार तथा प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान समाजसेवी भोपाल सिंह, शोभा देवी चम्पावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने फलासिया में आयोजित शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में प्रदान की जा रही सुविधाओं और परिवेदनाओं के निस्तारण की जानकारी ली। इस दौरान केबिनेट मंत्री खराड़ी ने कहा कि आमजन को त्वरित राहत उपलब्ध कराना केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं का न्यायोचित और त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

पंचायत समिति सायरा में उपखण्ड अधिकारी डॉ नरेश सोनी की अध्यक्षता में शिविर हुआ। टीएडी उपायुक्त रागिनी डामोर ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में नांदेशमा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या पवनरेखा ने विद्यालय के खेल मैदान की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत के बारे में ग्राम वासियों की ओर से परिवेदना प्रस्तुत की। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर विद्यालय की लगभग 7 बीघा जमीन पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया तथा विद्यालय की खेल मैदान की भूमि को चिन्हित कर उसका कब्जा विद्यालय प्रधानाध्यापिका को सौंपा।

इसके अलावा शिविर में प्राप्त प्रार्थना-पत्रां पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 14 पेंशन सत्यापन, 12 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण राशि का भुगतान का मौके पर ही किया गया। 4 नवीन आवास स्वीकृत, 8 आवास निर्माण हेतु सहायता भुगतान, 1 राजस्व अभिलेख में नाम संशोधन, 520 नरेगा श्रम भुगतान सहित अन्य विविध प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

राष्ट्रव्यापी अभियान सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांवां की ओर 2024 के तहत मावली में उपखंड अधिकारी रमेशचंद्र सिरवी की अध्यक्षता में कैम्प हुआ। यह कैम्प चुनिया पुत्र चेना मेघवाल के लिए सुकुन भरा रहा। चुनिया मेघवाल ने न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मावली में अपील अन्तर्गत धारा 75 भू-राजस्व अधिनियम 1956 के तहत 21 नवम्बर 2024 को पेश की थी। कैम्प में प्रार्थी पीठासीन अधिकारी, मावली के समक्ष उपस्थित होकर अपनी पीड़ा बताई कि प्रार्थी स्वयं जीवत होने के पश्चात् भी प्रार्थी की भूमि में चुनिया पुत्र भेरा के वारिसान का नामांतरकरण पारित कर दिया गया। उक्त नामांतकरण चुनिया पुत्र भेरा मेघवाल की मृत्यु के पश्चात् विरासत का नामांतरण पारित किया गया, जिसके साथ प्रार्थी की कृषि भूमि के संबंध में भी नामांतरण पारित कर दिया गया, जबकि प्रार्थी चुनिया पिता चेना जीवित था। इस संबंध में ग्राम पंचायत वारणी के सरपंच को बुलाया गया। सरपंच ने स्वीकार किया कि चुनिया पुत्र चेना और चुनिया पुत्र भेरा अलग-अलग व्यक्ति हैं।विरासत के आधार पर जो नामांतरण पारित किया गया उसमें त्रुटिवश चुनिया पुत्र चेना की भूमि का भी विरासत से नामांतरण पारित कर दिया गया, जिसे खारिज किया जाता है तो ग्राम पंचायत को भी कोई आपत्ति नहीं है। चुनिया पुत्र भेरा के वारिस द्वारा भी यह स्वीकार किया गया कि भूमि उनकी नहीं होकर चुनिया पुत्र चेना की भूमि है। अत: पक्षकारों को सुनकर तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत द्वारा पारित नामांतरण को खारिज करने के आदेश दिये एवं तहसीलदार मावली को निर्देशित किया कि फौत खातेदारों की वारिसानों की जांच कर पुन: नये सिरे से नामांतरण पारित करें।

इसी प्रकार शिविर में गाडरियावास निवासी गर्भवती महिला श्रीमती राजु पति नारायण लाल गाडरी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत द्वितीय किश्त के लिए आवेदन किया। इस पर बाल विकास परियोजना अधिकारी मावली द्वारा हाथों हाथ रजिस्ट्रेशन कर भुगतान अप्रुव किया गया। द्वितीय किश्त जल्द उसके पंजीकृत बैंक खाते में हस्तान्तरित हो जाएगी। युडीए ओएसडी जितेन्द्र ओझा ने शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों को लाभ वितरित किए। तहसीलदार भंवरलाल सहित उप तहसीलदार मावली/सनवाड़ सति ब्रॉक स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे। शिविर में 325 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से 276 परिवादों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा निस्तारण किया गया।

कार्यशाला का आयोजन

उदयपुर/डूंगरपुर, (कासं)। श्री भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय डूंगरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना सप्ताह के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार प्रात: किया गया। कार्यशाला का विषय विकसित भारत एवं स्वच्छ भारत तथा विकसित भारत अभियान वर्ष 2047 रहा।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर द्वारा मनोनीत मानद रिसोर्स पर्सन और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता रहे। कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉ जितेंद्र सिंह राव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ योगिता निनामा, डॉ सलमा खान, डॉ तेजवीर सिंह सहित महाविद्यालय स्टाफ और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए गुप्ता ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन प्रधानमंत्री द्वारा सोची गई एक बहुत बडी संकल्पना है। स्वच्छता द्वारा हम हमारे देश को विकसित और समृद्ध बनाने की ओर अग्रसर है। स्वच्छता के बिना इन सभी की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन अभियान प्रारंभ किया गया था।

गुप्ता ने कहा कि कतिपय जन प्रतिनिधि जनता के हित और कल्याण से जुडे हुए कार्यो को धरातल पर उतारने का प्रयास नहीं करते हैं और इसका नुकसान आम जनता को भुगतना पडता है। स्वच्छ भारत मिशन भी देश की जनता से जुडा हुआ एक महत्वपूर्ण और अति गंभीर अभियान है लेकिन कुछ जनप्रतिनिधि सिर्फ खानापूर्ति करते हुए और कागजों और आंकडों में ही स्वच्छता पूरी कर रहे है। गुप्ता ने कहा कि देश के लगभग 142 करोड लोगों के साथ स्वच्छता सीधे तौर पर जुडी हुई है क्योंकि जहां पर स्वच्छता होगी वहां मच्छर गंदगी आदि नहीं पाई जाएगी इससे लाभ यह रहेगा कि उसे क्षेत्र में निवास करने वाले लोग बीमार नहीं पडेंगे। एक सर्वे की रिपोर्ट अनुसार प्रतिवर्ष जितने लोग दुर्घटना या अन्य कारणों से मरते हैं, उससे अधिक प्रतिवर्ष लाखों लोग गंदगी से और मच्छरों से होने वाली बीमारियों से असमय ही काल का ग्रास बनते हैं।

शिल्पग्राम के महोत्सव का आज बजेगा नगाड़ा

- दस दिवसीय शिल्प और कला के इस महोत्सव में 800 कलाकार आएंगे राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

उदयपुर, (कासं)। हवाला गांव स्थित शिल्पग्राम में शिल्प व कला के दस दिवसीय महोत्सव का नगाड़ा शनिवार को राज्यपाल बजाकर उद्घाटन करेंगे। इस दस दिवसीय मेले में अलग-अलग राज्यों की लोक कला व संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव में 800 कलाकार भाग लेंगे।

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा विश्व प्रसिद्ध शिल्पग्राम महोत्सव का आगाज शनिवार को होगा। मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे शनिवार की शाम को महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद 10 दिन यानी 30 दिसंबर तक 'लोक के रंग-लोक के संग' थीम पर यह उत्सव मेवाड़-प्रदेश-देश-विदेश के लोक कला एवं संस्कृति प्रेमियों के भरपूर मनोरंजन के साथ ही लोक संस्कृतियों के विषय में ज्ञानवर्द्धन भी करेगा। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि सांसद सीपी जोशी, चुन्नी लाल गरासिया और मन्नालाल रावत तथा विधायक ताराचंद जैन और फूलसिंह मीणा भी मौजूद रहेंगे। गवर्नर हरिभाऊ किशनराव बागडे शनिवार शाम छह बजे शिल्पग्राम पहुंचेंगे। वे गोल्फ क्राफ्ट के माध्यम से प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद विशिष्ट अतिथियों के साथ मुक्ताकाशी मंच पर दीप प्रज्वलन कर महोत्सव का उद्घाटन करेंगे।इससे पूर्व पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान अतिथियों का स्वागत करेंगे। राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे समारोह में डॉ. रूप सिंह शेखावत (भवाइ लोक नृत्य) और गणपत सखाराम मसगे (कठपुतली एवं चित्रकला) को डॉ. कोमल कोठारी लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस पुरस्कार में प्रत्येक को एक रजत पट्टिका के साथ 2.51 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। शिल्पग्राम महोत्सव में 21 दिसंबर दोपहर 3 बजे बाद मेलार्थियों के लिए निशुल्क प्रवेश रहेगा। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को शिल्पग्राम महोत्सव में आएंगे। वे दोपहर 2:30 बजे शिल्पग्राम आएंगे। वे शिल्पग्राम का दौरा करेंगे।

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

सं. 5833 दिनांक :11/12/2024

लोक-सूचना

श्री पुष्पेन्द्र पिता श्री सज्जनलाल नाई निवासी नायकवाड़ी सनराईज स्कुल के पास राजनगर/एकदंत अपाटमेट वाणी आली उरण रायगढ़ महाराष्ट्र द्वारा राजस्व ग्राम राजनगर आराजी नं.1665/281 रकबा 0.0098 हैक्टयर भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	राजनगर	1665/281	रकबा 0.0098 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 11/12/2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द

सं. 6136 दिनांक :20/12/2024

लोक-सूचना

श्री रामलाल पिता श्री कालुलाल उर्फ कालुराम भील निवासी रेल्वे स्टेशन गारियावास एमडी तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	एमडी	1849/1778	रकबा 0.0265 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 20/12/2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द

सार-समाचार

सेमिनार का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक विवि के विज्ञान संकाय मे भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) के अंतर्गत 'प्राचीन भारतीय गणितज्ञ' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजन हुआ। विवि अध्यक्ष प्रो हेमंत कोठारी ने बताया की भारतीय ज्ञान परंपरा एक प्राचीन समय से चलती आई भारतीय शिक्षा व्यवस्था है । विज्ञान एवं तकनिकी संकाय अध्यक्ष प्रो.दिलेन्द्र हिरन ने प्राचीन भारतीय गणितज्ञो के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया की यदि शून्य की अवधारणा नहीं दि जाती तो दशमलव संख्या प्रणाली का विकास असम्भव था। विज्ञान संकाय अधिष्ठाता प्रो रामेश्वर आमेटा ने आर्यभट, ब्रह्मगुप्त, भास्कराचार्य तथा लीलावती जैसे प्राचीन भारतीय गणितज्ञो के योगदान की जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ नरेश मेनारिया ने भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन पर दिए व्याख्यान मे रामानुजन मैजिक स्क्वायर व रामानुजन हार्डी नंबर की जानकारी दी। सेमिनार मे विद्यार्थियों को रामानुजन की लघु फिल्म भी दिखाई गई। विवि मे 'प्राचीन भारतीय गणितज्ञ' विषय पर भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) के अंतर्गत एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ

खेलकूद गतिविधियों का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के अंतर्गत संचालित डिपार्मेंट आफ कंप्यूटर साइंस एवं इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा द बाइटकोन नेक्सस टेक्नो एकेडमिक डिपार्टमेंटल एक्टिविटीज 2024-25 के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं का द्वितीय दिवस खेलकूद गतिविधियों के नाम रहा। विभागाध्यक्ष डॉ.खातून आफताब कत्था वाला ने बताया कि आयोजन में भारतीय पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया जो वर्तमान में लुप्त हो रहे हैं। खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में अपना पूर्ण योगदान प्रदान करती है। सभी खेलकूद प्रतियोगिताएं डॉ प्रियंका शक्तावत एवं लेफ्टिनेंट शैलजा राणावत के मार्गदर्शन में हुई तथा कार्तिक जोशी ने सभी प्रतियोगिताओं को पूर्ण करवाने में सहयोग दिया । आयोजित प्रतियोगिताओं में यशपाल सिंह, माही भटनागर, अलीना शेख, महिमा सैनी प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर विज्ञान संकाय अधिष्ठाता डॉ रेनू राठौड, डॉ संगीता राठौड ,डॉ विवेक चपलोत, डॉ राजेश सोनी, डॉ महिपाल सिंह देवडा,डॉ निशा तंवर ,डॉ हरिओम सिंह राणावतआदि ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

बच्चों को स्वेटर वितरित किए

उदयपुर, (कासं)। सुहानी सर्दी अभियान के अंतर्गत लायंस क्लब उदयपुर एलिट द्वारा शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंबावा (गोगुंदा)में 150 बच्चों को स्वेटर वितरित किए। जिसमें आर्थिक सहयोग लायन अशोक चौधरी,मनीष बंसल एवं दिलीप नागदा द्वारा किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष ज्योति प्रकाश कुमावत,पूर्व संभागीय अध्यक्ष नितिन शुक्ला, पूर्व संभागीय सचिव अशोक चौधरी, पूर्व अध्यक्षा वंदना शुक्ला,पूर्व सचिव मनीष बंसल, दिलीप नागदा, रजनीश चित्तौडा,अरविंद जैन ने सहभागिता निभाई।

संगीत संग्रहालय बनाने के दिए सुझाव

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान बजट के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मांगे गए सुझावों के तहत शहर के कलाप्रेमी एवं सुरों की मंडली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने शहर में भारतीय संगीत की परंपरा और विविधता को सहेजने के लिए संगीत संग्रहालय स्थापित करने का सुझाव दिया है। मुकेश माधवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को प्रेषित सुझाव में बताता है कि उदयपुर में एक संगीत संग्रहालय बनाया जाए। जिसमें संगीत से जुडे वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन, पुस्तकालय, डिजिटल संग्रह, कार्यशालाओं और महोत्सवों का आयोजन होगा। यह न केवल पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण होगा बल्कि स्थानीय कलाकारों को रोजगार भी प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यह संग्रहालय उदयपुर के सांस्कृतिक पर्यटन को नई पहचान देगा।

डाकघर की मिलेंगी सेवाएं

उदयपुर, (कासं)। शिल्पग्राम में 21 से 30 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले शिल्पग्राम उत्सव के दौरान डाक विभाग की सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। मेले में डाक विभाग की स्टॉल पर नए आधार बनाने (पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के निशुल्क आधार बनाए जाएंगे) एवं आधार में संशोधन का कार्य किया जाएगा। साथ ही डाक बुकिंग (स्पीड पोस्ट, पार्सल आदि) का कार्य किया जाएगा, जिससे ग्राहक मेले से खरीदे गए सामान को दूर दराज में रह रहे अपने परिवारजन को डाक से भेज सकेंगे। एईपीएस के माध्यम से निकासी की सुविधा आम जन को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त डाकघर की बचत एवं बीमा योजनाओं की भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

पौष दशमी महोत्सव 24 से

डूंगरपुर, (निसं)। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के तत्वावधान में तीन दिवसीय पौष दशमी 24 दिसम्बर से घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर परिसर में धूमधाम के साथ सम्पादित कराये जायेंगे।

इस अवसर पर श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन ने बताया कि 24 दिसम्बर से 'प्रभु श्री पार्श्वनाथ' के जन्म कल्याणक निमित्त त्रिदिवसीय उत्सव का प्रारंभ होगा। श्री गंभीरा पार्श्वनाथ जिनालय में अखंड दीपक स्थापना हेतु प्रात: 8 बजे फौजका बडला से प्रस्थान करेंगे। जिसमे लाभार्थी मेहता फुलवंती बेन-सूरजमल परिवार रहेंगे। इसी क्रम में 25 दिसम्बर को प्रात:7.3० बजे से श्री गंभीरा पार्श्वनाथ जिनालय में प्रक्षाल,केसर एवं फूल पूजा,आरती एवं मंगल दीपक के कार्यक्रम सज्जन देवी चिमनलाल मेहता परिवार होगे। इसके पश्चात 26 दिसम्बर को भगवान का वरघोडा प्रात: 9 बजे घांटी मंदिर से निकल कर पुराना अस्पताल तिराहे होते हुए वापस लौटेगा, यहां भगवान को पोखने का चढावा बोल कर लाभ दिया जाएगा।

भाजपा ने कांग्रेस व इंडी गठबंधन की निंदा की

उदयपुर, (कासं)। फेक एवं झूठ नेरेटिव को लेकर देश भर मे बवाल मचाने संसद के दोनों सत्रों का समय खराब करने के कृत्य को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन की कडी निंदा की है।

भारतीय जनता पार्टी उदयपुर ने विगत दो दिनों से संसद में गृहमंत्री अमित शाह के संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान को लेकर जिस प्रकार से फैक नेरेटिव और झूठ को सच बनाने के लिए जिस प्रकार से संसद के भीतर-बाहर और देश भर में सडकों पर जिस प्रकार से बेहूदा प्रदर्शन किया और झूठ को सच का कपडा पहनाकर सभी ने जिस प्रकार से एकजुट होकर देश में टकराव, बिखराव,जातिगत वैमनस्य पैदा करने का दुष्कृत्य किया उसके लिए भारतीय जनता पार्टी उदयपुर ने इसकी कडी आलोचना की है। इसके उपरांत जिस प्रकार से संसद परिसर में राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी एवं विपक्षी दलों के नेताओं ने धक्का मुक्की कर भाजपा के सांसदों को घायल किया और महिला सांसद के साथ भी धक्का मुक्की की जिसे स्वयं ने स्वीकार भी किया है की भी आलोचना की है।

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली,देहात जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्तसिंह चौहान, शहर देहात प्रभारी बंशीलाल खटीक, आई एम सेठिया, शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ,सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ने कहा कि इंडी गठबंधन के इस राष्ट्र विरोधी नाटक को मीडिया ने देश और दुनिया को संसद की तमाम घटनाओं को त्वरित गति से प्रसारित कर सच्चाई को सामने लाकर देश को गृह युद्ध जैसे हालात में झोंकने के कांग्रेस नित इंडी गठबंधन को न केवल बेनकाब किया अपितु इनका दुष्चरित्र एवं राष्ट्र की संप्रभुता से खिलवाड करने और जैसा इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश में आग लगा देंगे जनता के सम्मुख उजागर किया है।गृहमंत्री के बयान जो आधे घंटे से ज्यादा के थे जिसमें उन्होंने बाबा साहेब के प्रति कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को उजागर किया को तोड मरोडकर 12 सेकंड की क्लिप जारी कर देश में जिस प्रकार का वातावरण खराब किया ,जनता के अधिकारों और हक पर संसद में होने वाले कार्यो को नहीं होने देकर देश की करोडों जनता के साथ विश्वासघात किया है। भाजपा नेताओ के अनुसार कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब अंबेडकर को कभी जीतेजी मान सम्मान नहीं दिया।यहां तक कि उनको चुनाव में पराजित करने का षड्यंत्र भी रचा।उनको भारत रत्न से भी सम्मानित नहीं किया ।आज कांग्रेस पार्टी वोटो की तुच्छ राजनीति के चलते यह खतरनाक खेल खेल रही है जो देश के लिए कतई ठीक नहीं है।

विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी

उदयपुर, (कासं)।जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय आवासीय वनशाला शिविर ज्वाला के तहत विद्यार्थियों की ओर से आयोजित सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ राजस्थान विद्यापीठ के मुख्य अतिथि कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. रचना राठौड, डॉ. अमी राठौड, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. भूरालाल श्रीमाली ने किया। सांस्कृतिक समारोह में भारतीय सनातन मूल्यों की झलक देखने को मिली।

- भारतीय संस्कृति सनातन मूल्यों की परम्परा भावी पीढ़ी में रूपांतरण होना अनिवार्य : प्रो. सारंगदेवोत

आवासीय वनशाला शिविर में विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने शिविर का प्रतिवेदन किया। शिविर प्रभारी डॉ. रचना राठौड ने बताया कि देर रात तक चली सांस्कृतिक संध्यॉ में भारतीय संस्कृति की परम्परा से ओतप्रोत प्रस्तुतियॉ प्रभु श्रीराम की झांकी से लेकर हारे का सहारा - खाटु श्याम, श्रीकृष्ण एवं सुदामा, शिव - पार्वती विवाह, झांसी की रानी, एकलव्य , तानाजी की जीवनी पर आधारित नृत्य नाटिका, देश भक्ति एवं ग्रूप डांस व क्लासिकल गान ने उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों का भाव विभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त राजस्थानी, पंजाबी, बंगाली गानों पर नृत्य कर सभी को नांचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने हाथों में मोमबत्ती जला देश प्रेम, हर व्यक्ति की मदद करने एवं आपसी भाई चारे को बनाये रखने का संकल्प लिया। कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि तीन दिवसीय शिविर में 550 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 50 प्रतिशत विद्यार्थियों की सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी रही, जो सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय, संस्कृति एवं परम्परा को आने वाला पीढी में हस्तांतरित करने का जिम्मा युवाओं का है।

संस्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर कहते थे कि जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा की अलख नहीं पहुंचेगी तब तक हमारी शिक्षा अधूरी हैं। उन्होने कहा कि संस्कृति को मानव बनाता है लेकिन आगे जाकर संस्कृति मानव को मानवता सिखाती है। संयुक्त परिवार ही जीवन का गुरूकुल हैं। हमारा देश दुनिया का सबसे युवा देश है। संचालन डॉ. इंदू आचार्य, डॉ. रेणु हिंगड, चेतन सोलंकी ने किया। इस दौरान डॉ. अमित बाहेती, निजी सचिव केके कुमावत, डॉ. सरिता मेनारिया, डॉ. अमित दवे, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. हिम्मत सिंह, डॉ. हरीश चौबीसा, डॉ. नीतू दाधीच, डॉ. निलम तिवारी डॉ. इंदू आचार्य, डा. सुभाष पुरोहित, डा. ममता कुमावत, डॉ. हरीश मेनारिया, डॉ. रेणू हिंगड, डॉ. हेमलता जैन, महेन्द्र वर्मा, डॉ. तिलकेश आमेटा सहित छात्र छात्राओं सहित महाविद्यालय के अकादमिक एवं गैर अकादमिक कार्यकर्ताओं ने सांस्कृतिक समारोह में अपनी भागीदारी निभाई।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone.-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ./उप.एकी./2024/13635 दिनांक :20/12/2024

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का पूर्नगठन/उपविभाजन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर पूर्नगठन/उपविभाजन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री दिलीप कुमार एवं श्रीमती पुष्पा दिलीप जैन, सनाईज कॉम्पलेक्स बस स्टेण्ड, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या ए एन.एच.08 सर्विस रोड के समीप पुलिस स्टेशन के सामने, नाथद्वारा	सर्विस रोड	श्री चुन्नी लाल वगैरह से सहखाते दारी की भूमि	अन्य भूखण्ड	अन्य भूखण्ड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

क्रमांक/न.पा.ना./तामीर/2024/14274 दिनांक : 20/12/2024

-:आपत्ती सूचना:-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड /भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम / पता	आवेदिक सम्पत्ति का विवरण	पड़ौस पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री राजेन्द्र पुरोहित पिता श्री ओम प्रकाश	यमुनेश्वर कॉलोनी कनवा बस्ती तेलियों का तालाब नाथद्वारा	30 फिट रोड	कृषि भूमि आनन्दीलाल	भूखण्ड सख्या 05,06	भूखण्ड सख्या 08

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका सागवाड़ा जिला डूंगरपुर(राज.)

क्रमांक / न.पा.सा. / भूमि / 2024-25 / 1505 दिनांक : 20.12.2024

-:: लोक सूचना ::-

इस कार्यालय मे नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदारो द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात्

क्र. सं.	नाम आवेदन / खातेदार	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षैत्र	भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया
1.	श्री चन्द्रकान्त पिता पुनमचन्द मकवाणा निवासी कानडकुआ फला गोवाडी	सागवाडा	8912 / 825	0.0121 है0 (1302 वर्गफीट)	आवासीय
2.	श्री नाथु पिता रूपा मीणा निवासी आरा	आरा	4469 / 19	0.3479 है0, (37461 वर्गफीट)	आवासीय
3.	श्रीमती वंदना पत्नी जगदीश माल निवासी वणोरी	वणोरी	137 138	0.0647 है0 0.0728 है0 (14807 वर्गफीट मे से 10631 वर्गफीट)	आवासीय
4.	श्री ईश्वरलाल पिता हकरा भील निवासी इंदिरा कॉलोनी सागवाडा	हडमाला	1928 / 1187 1190	0.0566 है0 0.0323 है0 (9581 वर्गफीट मे से 7841 वर्गफीट)	आवासीय

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर- भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 20.12.2024 को जारी की गई।

प्राधिकृत अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका,सागवाडा

राज.संवाद / सी / 24 / 9361